प्रचार सामग्री पर व्यय

२०९९. श्री भक्त दर्शन राय : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्ष में वैदेशिक-कार्य मंत्रालय ने प्रचार सामग्री के प्रकाशन पर कितना व्यय किया; और

(ख) इस में से कितना प्रकाशित साहित्य प्रति वर्ष भारत में और विदेशों में निःशुल्क वितरित किया गया ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : (क) ११,२८,२७१.३४ रुपये ।

(ख)

१९५६-५७—१,६७,७०० प्रतियां (लगभग)
१९५७-५८—१,७१,५७० ,, ,,
१९५८-५९—१,७६,०५० ,, ,,
१९५९-६०—१,८७,१३० ,, ,,
१९६०-६१—१,९७,७०४ ,, ,,

उत्तर प्रदेश में उद्योग

२१००. श्री भक्त दर्शन राय : क्या वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष और इस वर्ष उत्तर प्रदेश के निजी उद्योगपतियों को कितने लाइसेंस किन-किन उद्योगों के लिए दिये गये;

(ख) ये उद्योग किन-किन स्थानों पर स्थापित किये जायेंगे;

(ग) क्या यह भी सच है कि जिला खेड़ी में गोलागोकर्णनाथ स्थान पर कागज का कारखाना लगाने के लिए लाइसेंस दिया गया है;

(घ) यह लाइसेंस किस व्यक्ति के नाम दिया गया है; और

(ङ) कागज बनाने के लिए क्या कच्ची सामग्री प्रयुक्त की जायेगी और वह कहां प्राप्त की जायेगी ?

उद्योग मंत्री (श्री मनुभाई शाह) : (क) और (ख). उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, १९५१ के अधीन जारी किये गये सभी लाइसेंसों का ब्योरा, जिसमें अन्य बातों के साथ साथ निर्माण की वस्तुओं तथा उन उद्योगों के स्थानों के बारे में भी पूरी जानकारी होती है, जरनल आफ इंडस्ट्री एण्ड ट्रेड नामक पत्र के अंकों में प्रकाशित किया जाता है । इस पत्र की प्रतियां संसद् के पुस्तकालय में उपलब्ध हैं ।

(ग) जी, हां ।

(घ) मैसर्स हिन्दुस्तान शुगर मिल्स लिमिटेड, गोलागोकर्णनाथ, जिला खेरी, उत्तर प्रदेश ।

(ङ) गन्ने की खोई जो उनके अपने अपने चीनी कारखाने तथा पड़ोस के दूसरे चीनी कारखानों से प्राप्त की जायगी ।

Recruitment by State Hrading Corporation

2101. { Shri P. G. Deb:
Maharajkumar Vijaya Ananda:

Will the Minister of **Commerce and Industry** be pleased to state:

(a) whether attention of Government has been drawn to serious allegations made in the 'Blitz' of 24th June, 1961 regarding the recruitment of staff in the State Trading Corporation; and

(b) if so, the action taken in the matter?

The Minister of Commerce (Shri Kanungo): (a) Yes, Sir.

(b) The matter is being looked into.

भोपाल में औद्योगिक बस्ती

२१०२. श्री क० मे० मालवीय : क्या वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भोपाल में हैवी इलेक्ट्रिकल्स कारखाने के पास एक